# तीन दिन बाद गंगनहर से मिला किशोर का शव

## एनडीआरएफ टीम ने किया शव बरामद, परिजनों में कोहराम



**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गंगनहर में डूबे किशोर की तलाश में चला तीन दिन का लंबा इंतजार रविवार को उस समय खत्म हुआ, जब एनडीआरएफ टीम ने किशोर का शव नहर से बरामद कर लिया। शव मिलने की सूचना से परि. जनों में चीख-पुकार मच गई और गांव शेखपुरा में मातम पसर गया। बाद में नम आंखों के बीच किशोर को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

खतौली थाना क्षेत्र के गांव शेखपुरा निवासी 12 वर्षीय सुबाहन अंसारी पुत्र रिजवान शुक्रवार दोपहर अपने साथियों के साथ गंगनहर पुल के निकट नहाने गया था। बताया गया कि नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में पहुंच गया और तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गया। साथ मौजूद बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक किशोर पानी में लापता हो चुका था।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे तथा काफी देर तक तलाश अभियान चलाया गया, मगर सफलता नहीं मिल सकी। इसी दौरान नहर किनारे से एक सफेद कुर्ता और टोपी बरामद हुई। कुर्ते पर 'सुबहान' और (सीके) लिखा होने के कारण परिजनों ने उसकी पहचान सुबाहन के कपड़ों के रूप में की।

शनिवार को प्रशासन के अनुरोध पर एनडीआरएफ टीम ने मोर्चा संभाला। टीम ने मोटर बोट और आधु. निक उपकरणों की मदद से गंगनहर में अलग-अलग स्थानों पर लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया।

इस दौरान नहर किनारे बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौजूद रहे। रविवार को आखिरकार एनडीआरएफ को सफलता मिली और किशोर का शव नहर से बरामद कर लिया गया। शव देखते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। गांव में शोकपूर्ण माहौल के बीच किशोर को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### 151 पुलिसकर्मियों की गैर जनपद रवानगी की डेट फिक्स

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में तैनात करीब 151 पुलिसकर्मियों की गैर जनपद के लिए डेट फिक्स कर दी गई है। इन पुलिसकर्मियों में पुलिस लाइन से लेकर विभिन्न थानों और डायल 112 में तैनात है। बताया जाता है कि जनपद मुजफ्फरनगर में कई वर्षो से तैनात पुलिसकर्मियों के अब गैर जनपद में स्थानांतरण की तारिख फिक्स कर दी गई है। उक्त पुलिसकर्मियों के तबादले कई दिन पूर्व कर दिए गए थे, लेकिन उक्त पुलिसकर्मी अभी जनपद में ड्यूटी दे रहे थे, लेकिन जिस तरह गैर जनपद के पुलिसकर्मी अन्य जनपदों के लिए रवाना किए गए इसी तरह जनपद मुजफ्फरनगर के करीब 151 पुलिसकर्मियों की गैर जनपद में रवानगी की डेट फिक्स कर दी गई है। अब जनपद में तैनात रहे उक्त पुलिसकर्मियों ने बाहर जाने की तैयारी शुरू कर दी है।

# गैस सिलेंडर लीक होने से घर में लगी भीषण आग

■ रसोई का सारा सामान जलकर हुआ राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढाना क्षेत्र के लुहसाना गांव में बीते शनिवार के देर रात एक घर की रसोई में गैस सिलेंडर लीक होने से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे रसोईघर को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि परिजन समय रहते घर से बाहर निकल आए जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक राशन, बर्तन समेत लाखों का घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था। मिली जानकारी के अनुसार गांव लुहसाना निवासी मतल्लुफ नाई के घर में शनिवार रात करीब 11 बजे यह हादसा हुआ। परिवार के सदस्य खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे तभी अचानक रसोई से गैस लीक होने की तेज गंध आई। परिजनों ने देखा कि सिलेंडर के रेगुलेटर से गैस का रिसाव हो रहा है। जब तक वे कुछ समझ पाते चूल्हे की चिंगारी से आग भड़क उठी और देखते ही देखते लपटों ने पूरी रसोई को घेर लिया। आग की ऊंची लपटें देखकर घर में अफरा तफरी मच गई। परिजनों ने शोर मचाते हुए तुरंत घर से बाहर भागकर जान बचाई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण लाठी-डंडे और बाल्टी लेकर मौके की ओर दौड़े। बिना समय गंवाए ग्रामीणों ने हैंडपंप चलाकर और घरों से पानी लाकर आग बुझाना शुरू कर दिया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि अगर 05 मिनट की भी देर हो जाती तो सिलेंडर फट सकता था। तब बहुत बड़ा हादसा हो जाता। आग से रसोई में रखा अनाज, गैस चूल्हा, फ्रिज, कूलर, बर्तन, कपड़े और जरूरी कागजात सब जलकर राख हो गए। पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद देर रात तक गांव में लोगों की भीड़ जमा रही। ग्राम प्रधान प्रति. निधि ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि मतल्लुफ नाई मेहनत मजदूरी कर परिवार पालता है। आग से उसकी गृहस्थी उजड़ गई है। पुलिस को सूचना दे दी गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गैस एजेंसी भी लीकेज की जांच करे ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो। बताया गया कि आग लगने की सूचना फायर स्टेशन को दी गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने खुद ही आग पर काबू पा लिया। समय रहते ग्रामीणों की सूझबूझ से एक बड़ी जनहानि होने से बच गई।

# रहस्मय गायब हुई किशोरी घर लौटी, आरोपी गिरफ्तार

■ दो दिन पूर्व स्कूल के लिए निकली थी घर से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** क्षेत्र के एक गांव से गैरसमुदाय के युवक द्वारा भगाई गई नाबालिग युवती रहस्यमय तरीके से अपने घर पहुंच गई। पुलिस उसे मेडिकल के बाद वन स्टाप सेंटर भेज दिया और युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवती के पिता ने शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि गांव का ही एक गैर समुदाय का युवक उसकी पुत्री से फोन पर बात करता रहता था। कई बार उसे मना भी किया ओर उसके परिजनों से भी शिकायत की। शनिवार को सुबह 8 बजे उसकी पुत्री स्कूल जाने के लिए घर से निकली तो उक्त युवक उसे रास्ते में मिला तो वह हाथ पकड कर चल रहा था युवती की मां ने देखकर आवाज लगाई तो लेकर भाग गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि युवती शाम को अपने घर पहुंची जहां से उसे लाकर मेडिकल के बाद वन स्टाप सेंटर भेज दिया और आरोपी गिरफतार कर कोर्ट में पेश किया है।

# तमंचे के बल पर युवती का अपहरण कर जबरन शादी का आरोप

## करीब चार माह बाद बरामद पीड़िता, अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के अपहरण कर जबरन शादी कराने और अश्लील वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद परिवार में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है।

पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 फरवरी को उसकी पुत्री घर से घेर की ओर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही एक युवक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर युवती को रोक लिया और तमंचे के बल पर जबरन कार में बैठाकर ले गया। आरोपित उसे गाजियाबाद ले गया, जहां जान से मारने की धमकी देकर शादी करने का दबाव बनाया।

पीड़ित के अनुसार अगले दिन युवती किसी तरह घर लौट आई और परिजनों को पूरी घटना बताई। युवती ने बताया कि आरोपी उसे कोर्ट मैरिज कराने का दबाव बना रहा था। विरोध करने पर उसने धमकी दी। आरोप है कि आरोपी ने नशीला पदार्थ खिलाकर युवती की अश्लील वीडियो भी बना ली थी।

परिजनों का कहना है कि सामाजिक बदनामी के डर से उस समय पुलिस में शिकायत नहीं की गई, लेकिन आरोपी लगातार युवती पर दबाव बनाता रहा। आरोप है कि युवक वीडियो वायरल करने की धमकी देता था और 7 मई को उसने वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित भी कर दी।

तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ दिन पूर्व आरोपी युवक अपने साथियों के साथ रात में पीड़ित के घर में घुस आया और तमंचे के बल पर युवती को जबरन ले जाने का प्रयास किया।

शोर सुनकर परिजन जाग गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी 22 जून को तय है और परिवार को किसी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस को अब यूथ बनाएगा मजबूत: शाह फैसल

**मुजफ्फरनगर।** युवा कांग्रेस शहर इकाई की कमान अब शाह फैसल कुरैशी को सौंपी गई। रविवार को मेरठ रोड स्थित होटल में जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष सुबोध शर्मा ने सरकार को 'तानाशाही' बताते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी और उत्पीड़न से परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जाति और धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है, लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है और 2027 में इसका जवाब देगी। नवनियुक्त शहर अध्यक्ष शाह फैसल कुरैशी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, वे उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और जनहित की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। यहां युवाओं ने गर्म जोशी के साथ नव नियुक्त अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि अब अधिकारों को लेकर जनता भाजपा की चाल समझते हुए जागरूक हो गई है किसी के बहकावे में आने वाली नहीं है उन्होने कहा कि आने वाले चुनाव में यूपी में कांग्रेस का प्रचम लहराएगा और अराजक तत्वों को जवाब मिलेगा।

# सांसद आवास के निकट बीजेपी महिला कार्यकर्ताओं की हुंकार

## नारी शक्ति वंदना अधिनियम के समर्थन में किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आयोजित भाजपा महिला धरना अब अपने स्थान को लेकर विवादों में घिर गया है। इस कार्यक्रम को समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र मलिक के आवास के निकट बताया गया था, लेकिन वास्तव में यह धरना उनके आवास से लगभग आधा किलोमीटर दूर प्रेमपुरी चौराहा स्थित ईदगाह के सामने आयोजित हुआ।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता सैनी की अध्यक्षता और जिला महामंत्री विमला चौहान के संसाधन में आयोजित प्रदर्शन में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि सरकार द्वारा लाया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। विपक्षी दल लगातार महिला आरक्षण और सशक्तिकरण के मुद्दों पर राजनीति कर रहे है, लेकिन अब महिला जागरूक हो चुकी है।

उन्होने जोर देकर कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं का अधिकार है। उन्होंने विपक्षी दलों द्वारा इसका विरोध करने को 'मातृशक्ति का अपमान' बताया। जिला संयोजक अंजलि चौधरी ने महिलाओं की एकजुटता को उनकी ताकत बताया और कहा कि महिलाएं अब अपने अधिकारों के लिए पीछे नहीं हटेंगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने भी केंद्र सरकार के इस फैसले को ऐतिहासिक करार दिया और विपक्ष के रुख पर सवाल उठाए।

हालांकि, धरने की वास्तविक लोकेशन को लेकर उठे सवालों ने पूरे आयोजन को राजनीतिक बहस का विषय बना दिया है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि कार्यक्रम को अधिक प्रभावशाली दिखाने के उद्देश्य से इसे श्सांसद आवास पर बताया गया था, लेकिन इससे दूर रहा। प्रदर्शन में वरिष्ठ भाजपा नेत्री महेशो चौधरी, विमला चौधरी, मनी पटपटिया, विशाखा सैनी, टोनी, मोनाली पंवार, दुलारी मित्तल, रेखा वर्मा, अंजू शर्मा, सीमा गोस्वामी सहित विशाल मखियाली, जोगिन्द्र गुर्ज्जर, शिवकुमार त्यागी, दीपक मित्तल, प्रवीण खेड़ा, विनीत ठाकुर, हरीश गुप्ता, रोहित जैन, रामकुमार वर्मा, राधे वर्मा, सभासद मनोज वर्मा, अमित बोबी, राजीव शर्मा, योगेश मित्तल, प्रशांत चौधरी और जिला महामंत्री संजय गर्ग आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एसपी क्राइम ने नवागंतुक आरक्षियों को दिए निर्देश

## महिला सुरक्षा व महिला अपराधों के मामलों को गंभीरता से लेने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक अपराध इंदू सिद्धार्थ तितावी थाने में स्थित मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया और थाना परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों, महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति अभियान की गहनता से जांच पडताल की।

इस दौरान उन्होने तितावी थाने पर नई भर्ती के पुरूष एवं महिला आरक्षियों से बात की और उनके परीक्षण, कार्यप्रणाली और ड्यूटी संबंधी जानकारी ली। उन्होने आरक्षियों को महिला सुरक्षा और महिलाअपराधों के मामले में संवदेनशीलता के साथ कार्य करने, पीडित महिलाओं की गंभीरता से सुनना और तुरंत ही कार्यवाही और सहायता करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होने एंटी रोमियो की कार्यवाही, विद्यालय, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों पर चलाए जारहे चैकिंग और जागरूकता अभियान की समीक्षा भी की। उन्होने महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा की भावनाओं को सुदृढ़ करने के लिए कहा और थाने में आने वाले आमजन व महिलाओं व पीड़ित व्यक्तियों से अच्छा व्यवहार करने के आदेश देने के साथ जनता में विश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूती बताया।

# जेई ने ग्रामीण के खिलाफ दी तहरीर

■ आरोपी व ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आदमपुर के जेई ने शाहपुर थाने में तहरीर देकर गांव के जिम्मेदार व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाए है। तहरीर में कार्यवाही की मांग की गई। उधर आरोपी व्यक्ति और ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के विद्युत कर्मी आए दिन अपनी मनमानी करते है और विरोध करने पर उनके खिलाफ तहरीर दी जाती है फिलहाल सच्चाई क्या है यह तो पुलिस जांच का विषय है?

33/11 केवी उपकेन्द्र आदमपुर के जेई जयराम ने शाहपुर पुलिस को एक तहरीर दी है जिसमें बताया गया कि नौ मई की शाम करीब साढ़े छह बजे आदमपुर की लाइट में फाल्ट होने के कारण वह लाइन का फाल्ट अटेंट करने के लिए जैसे ही आदमपुर गेट पर पहुंचे तो आरोप लगाया कि वहां मौजूद शाहबु और दो अन्यों ने बिजली को लेकर उनके साथ गाली-गलौच की और मारपीट की गई। जेई जयराम ने दी गई तहरीर में अन्य गंभीर आरोप लगाए है जैसा की मोबइल छिनना, बाइक को हिलाना है जेई ने अन्य और अन्य गंभीर आरोप भी लगाए है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर आरोपी शाहबु ही नहीं गांव के कुछ लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी व कर्मचारी आए दिन अपनी मनमानी करते है।

शाहबु व ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि बिना बात के लाइन काट दी जाती है और जिस समय विद्युत विभाग की मर्जी उस समय गांव में लाइटों की चैकिंग करना और यहां भी अपनी मनमानी करते है। शाहबु ने बताया कि नौ मई को भी विद्युत विभाग के अधिकारी से विद्युत सप्लाई काटने को लेकर कहा सुनी हुई थी, लेकिन उन पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई है।

शाहपुर पुलिस ने इस मामले में छानबीन शुरू कर दी है उधर सीओ बुढ़ाना ने भी इस मामले में अपना बयान जारी करते हुए कहा कि नौ मई को एक गांव के प्रधान पति और कुछ अन्य लोगों ने जूनियर इंजीनियर के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार किया।



# इच्छाओं की समाप्ति प्रभु कृपा का फल है : मोरारी बापू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में स्थित श्रीशुकदेव आश्रम में जारी राम कथा के अंतिम दिवस विश्व प्रसिद्ध सन्त मोरारी बापू ने रावण वध, लंका विजय,भरत मिलाप,राम राज्य स्थापना,तीर्थ स्थलों के स्वरूप व माताओं के स्वरूप का वर्णन किया। तथा 977 वीं राम कथा को शुकतीर्थ को समर्पित किया व पुन:शुकतीर्थ में सातवी कथा करने के संकल्प को दोहराया।



युगांडा के प्रवासी चेतन भाई द्वारा पुत्र बृजेश की स्मृति में हुई राम कथा में मोरारी बापू ने राम चरित मानस के श्लोक सुक सनकादि भगत मुनि नारद । जे मुनिबर बिग्यान बिसारद ।। सुक सनकादि सिद्ध मुनि जोगी। नाम प्रसाद ब्रह्मसुख भोगी ।। पूँछिहु राम कथा अति पावनि । सुक सनकादि संभु मन भावनि से आरम्भ करते हुए कहा कि आज विश्व मदर्स डे मना रहा है और हम पिछले 9 दिनों से पंच माता के सानिध्य में बैठे हुए हैं। कथा भी माता ही है।गंगा माता, भागवत माता ,राम कथा ,वाणी माता ,भारत माता का परम् सम्मान करना चाहिये। मैं किसी को फॉलोअर्स नहीं फ्लॉवर मानता हूँ।मेरे लिये सभी खुशबू वाले फूल के समान हैं। इस बगीचे का मैं मालिक नहीं माली हूं।बापू कहते हैं मुझे नही परमात्मा को व्यास पीठ को,सत्य को फॉलो करें। फॉलोअर्स को चिंतन के रूप में तीन पीड़ा होनी चाहिये।सामाजिक सेवा भाव, प्रेम भाव, खुद को जानना, परमात्मा की कृपा का फल है इच्छाओं की समाप्ति हो जाना,केवट ने प्रभु राम से उपहार स्वरूप केवल ख्रपा मांगी अन्य कोई उपहार न मंगा,व्यवहार में विनय योग होना चाहिए,स्वीकार करना प्रथम गुण है। स्वीकार करो तथा संतुष्ट हो जाओ अवसर मिले तो एकांत करो,खुद का आँकलन करो, प्रत्येक दोष हमने स्वयं पैदा किए हैं जैसी संगत करोगे वैसा मन हो जाएगा रूठ कर एकांत बैठना कोपभवन है।श्लोक भवन में एकांत में बैठ कर परमात्मा का जप करो।यही साधना है। मुस्कुराना भी एक साधना है। कोमलता शालीनता व्यवहार में होगी तभी होठों पर मुस्कुराहट आएगी परमात्मा मुस्कुराकर अपने वैष्णव अहंकार को मिटाते हैं। घरों में भागवत कथा का निरंतर पाठ होना चाहिए।

## तीर्थ स्थलों की विशेषताएं बताई

तीर्थ स्थलों के स्वरूप के बारे में वर्णित करते हुए बापू कहते हैं कि नदी अथवा सरिता का होना,किसी सरोवर का होना, किसी जलाशय का होना, सनातन धर्म के देवी देवताओं के मंदिर होना, हरे भरे वृक्षों से आच्छादित वन का होना,पर्वत होना, शास्त्रों की शिक्षा के लिये पाठशालाओं का होना,स्वच्छता का होना, जहां भजनानन्द साधु प्रभु का भजन करते हों।जहां साधना होती हो, जहां सिद्धि भी शुद्धि भी हो, लगातार नूतन कार्य हों तीर्थ पुराना न लगे यही तीर्थ का स्वभाव है।

## शस्त्र से बड़े होते हैं शास्त्र

मोरारी बापू कहते हैं की धार्मिक स्थलों पर शास्त्र की आवश्यकता है। शस्त्र की जरूरत नही है।कोई देश भक्ति संकेत रूप से रखा हो तो अलग है अन्यथा शास्त्र बड़े होते हैं शस्त्र छोटा होता है जो कार्य शस्त्र नहीं कर सकता वह शास्त्र करते हैं।

## धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता होनी चाहिए

बाबू ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर गंदगी फैलाना अच्छा नहीं है धार्मिक स्थलों की स्वच्छता सुंदरता पर विशेष ध्यान दिया जाए कोई भी व्यक्ति गंदगी न फैलाए तीर्थो की स्वच्छता करना एक साधना है। शुकतीर्थ में नूतन विकास कार्य जारी है यह देखकर उन्हें अच्छा लगता है।

## लंका विजय

मुरारी बापू ने समुद्र सेतु के निर्माण, अंगद द्वारा संधि का प्रस्ताव,रावण वध, लंका विजय, विभीषण का राजतिलक,पुष्पक विमान द्वारा अयोध्या लौटना,राम भरत मिलाप, प्रभु राम का राज तिलक होने के बाद राम राज्य की स्थापना तथा राम के दो पुत्रों का जन्म,हनुमान महिमा आदि प्रसंग को रामचरितमानस की चौपाइयों को गाते हुए सुनाया इसके उपरांत तुलसीदास की महिमा व राम चरित मानस को सत्य प्रेम करुणा कथा का सार बताते हुए कथा को विराम दिया।कथा में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया ।

# चंद्रशेखर के देवबंद दौरे से पहले आसपा जिलाध्यक्ष दिनेश बावरा नजरबंद

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सहारनपुर जनपद की देवबंद विधानसभा के लालावाला गांव में दो समुदायों के बीच हुए विवाद के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। बताया जा रहा है कि जमीन संबंधी विवाद दूसरे समाज की जयंती के दौरान बढ़ गया, जिसके बाद दोनों पक्षों में नाराजगी फैल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। रविवार को आजाद समाज पाटह्न के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा पीड़ित दलित परिवारों से मिलने देवबंद पहुंचने की घोषणा के बाद प्रशासन और अधिक सतर्क हो गया। इसी क्रम में मुजफ्फरनगर के आजद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश बावरा भी समर्थकों के साथ देवबंद जाने की तैयारी कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस और प्रशासन को जैसे ही इसकी सूचना मिली, खतौली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दिनेश बावरा को उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया। साथ ही उनके समर्थकों को भी आगे बढ़ने से रोक दिया गया। प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए यह कदम उठाया गया है। उधर, पार्टी कार्यकर्ताओं में इस कार्रवाई को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। पुलिस लगातार क्षेत्र में निगरानी बनाए हुए है और किसी भी राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल को गांव की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।



# 13 मई को होने वाली पंचायत में पहुंचने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) की एक पंचायत गांव सिखरेड़ा में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर का किसानों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। पंचायत में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं को संगठन के पदाधिकारियों के समक्ष रखा। किसानों ने बताया कि बेमौसम बारिश के चलते उनकी गेहूं व अन्य फसलें खराब हो गई हैं, पंचायत में किसानों ने बिजली संकट का मुद्दा भी उठाया। किसानों का कहना था कि खेतों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, जिसके कारण सिंचाई प्रभावित हो रही है। वहीं नहरों और रजवाहों में भी पानी कम आने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसानों ने आरोप लगाया कि मामूली बकाया होने पर भी बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन काट दिए जाते हैं। इस दौरान चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर जल्द ही मुजफ्फरनगर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने वसी हत्याकांड के विरोध में 13 मई को एसएसपी कार्यालय मेरठ पर आयोजित पंचायत में पहुंचने का आह्वान किया।

## धूमधाम से मना श्रीबाला जी धाम मंदिर का वार्षिकोत्सव

**पुरकाजी।** श्री बालाजी धाम मंदिर एवं श्री शिव मंदिर का 12 वॉ वार्षिकोत्सव बैण्ड बाजो एवं ढोल ढमाको के साथ भारी आस्था केसाथ धूम धाम से मनाया गया है इस दोरान भव्य झांकियो के साथ बैण्ड बाजो और डीजे पर भक्ति गीतो की गूंज के बीच विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। रविवार को श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समीति द्वारा मंदिर संस्थापक पंडित धनश्याम दास शर्मा (गुरुजी) के सानिध्य एवं मार्ग दर्शन मे 10 मई 2014 में स्थापिति भव्य श्री बालाजी धाम मंदिर एवं श्री शिव मंदिर का 12 वॉ वार्षिकोत्सव भारी आस्था और श्रद्धा पूर्वक हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया है। शोभायात्रा सब्जी मंडी बिल्ली शाह चौक बड़ा दरबार शेखजादगान पुरानी घास मण्डी तथा पुन: पुराने हाईवे खादर तिराहे से गुजर कर पुन: अपने गतत्व स्थान सत्यविहार मे सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा मे आस्था के भव्य रथ पर सवार श्री बालाजी के रथ को नंगे पग खीच कर अपने को बहुत भाग्य शाली महसूस कर रहे थे ।

# मदर्स डे पर चार्ट और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** राज पब्लिक स्कूल मंसूरपुर में मदर्स डे पर चार्ट और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रों ने मां की ममता को दर्शाते हुए विभिन्न चित्र बनाएं। प्रधानाचार्य शिवम राठी ने कहा कि मां ममता की मूर्ति है। मां भगवान का दूसरा रूप होती है। माता ही बच्चे की प्रथम गुरु है। कक्षा 11वीं छात्राओं पूजा, पायल, और वर्षा को प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया।

# उत्तराखंड मंत्री से शालू सैनी को मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजसेवी एवं क्रांतिकारी शालू सैनी को उत्तराखंड में उस सेवा भावना के लिए सम्मानित किया गया, जिसने इंसानियत की मिसाल कायम कर दी। रुड़की स्थित उत्तराखंड के गन्ना मंत्री श्यामवीर सैनी के आवास पर शालू सैनी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। पिछले सात वर्षों में करीब 6000 लावारिस मृतकों को अपना नाम देकर पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार करने वाली शालू सैनी आज देशभर में ह्लावारिसों की वारिसह्न के नाम से पहचान बना चुकी हैं। बात चित के दौरान उनकी सेवा यात्रा का जिक्र होते ही माहौल भावुक हो उठा। बताया गया कि जिस दौर में कोरोना महामारी और लॉकडाउन के समय लोग अपने सगे संबंधियों से भी दूरी बना रहे थे, उस भयावह समय में शालू सैनी ने अपनी जान की परवाह किए बिना सड़क किनारे, अस्पतालों और श्मशानों में पड़े लावारिस शवों को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी।

**माताओं के लिए बनाया आशियाना**

सिर्फ मृतकों के अंतिम संस्कार तक ही नहीं, बल्कि समाज द्वारा ठुकराई गई बेसहारा माताओं के लिए भी शालू सैनी लगातार सेवा में कार्यकर रही हैं। बेटी की शादी के लिए लिया हुआ मात्र 80 गज के प्लॉट में उन्होंने वृद्धाश्रम जैसा आशियाना तैयार कर जरूरतमंद माताओं को सहारा दिया। यहां रहने वाली कई बुजुर्ग महिलाएं उन्हें बेटी कहकर पुकारती हैं। निस्वार्थ सेवा, मानवता और करुणा के इस अद्भुत कार्य ने शालू सैनी को केवल मुजफ्फरनगर ही नहीं बल्कि प्रदेश, देश और विदेश तक अलग पहचान दिलाई है। लोग उन्हें अब क्रांतिकारी शालू सैनी के नाम से कम और लावारिसों की वारिस के नाम से ज्यादा जानते हैं। सम्मान समारोह में मौजूद लोगों ने कहा कि आज के दौर में जहां रिश्ते भी स्वार्थ के तराजू पर तौले जा रहे हैं, वहां शालू सैनी जैसी महिलाएं मानवता को जिंदा रखने का काम कर रही हैं। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा और सेवा का जीवंत उदाहरण बन चुका है।



# एसडी कॉलेज में मनाई महाराणा प्रताप जयंती

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म महाविद्यालय मुजफ्फरनगर के मां सरस्वती सभागार में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षको द्वारा महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार पुंडीर के द्वारा महाराणा प्रताप जी के योगदान एवं उनके जीवन मूल्य के बारे में अवगत कराया गया कार्यक्रम के संयोजक मदनपाल चौहान रहे । कार्यक्रम में डॉ संजय अरोरा, मदनपाल चौहान ने महाराणा प्रताप के मूल्यो ,साहस एवं पराक्रम के बारे में विचार प्रस्तुत किये। बी एससी गणित के विद्यार्थियों रिया गोयल ,पलक, प्रिंसी तथा कनिका कश्यप ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए ।

कार्यक्रम का समापन गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ रिंपल पुंडीर के द्वारा शिक्षक साथियों का धन्यवाद ज्ञापन एवं विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करके किया। कार्यक्रम में डॉ अरविन पंवार, डॉ शेखरचंद , डॉ सविता, डॉ अंशुल शर्मा, डॉ सलीम , तरुण गर्ग, सोनाक्षी धीमान एवं कुमारी श्रुति आदि उपस्थित रहे।

## मोरारी बापू ने शुकतीर्थ से ली विदाई

**मोरना।** विश्व प्रसिद्ध संत मुरारी बापू ने 10 दिन के प्रवास के उपरांत शुकतीर्थ से हेलीकॉप्टर द्वारा वापस अपने गंतव्य की ओर लौट गए इस बीच हेलीपैड पर भारी संख्या में श्रद्धालु उनके दर्शनों के लिए इकठा हुए शुकतीर्थ में राम कथा करने के लिए आए मुरारी बापू बीते एक मई को हेलीकॉप्टर द्वारा शुकतीर्थ में आये थे दो मई से रविवार दोपहर तक बापू ने 9 दिवसीय राम कथा की।कथा सुनाने के बाद बापू हेलीकॉप्टर द्वारा वापस गन्तव्य की ओर लौट गए। इस दौरान हेलीपैड के आसपास भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे जबलपुर से आए श्रद्धालु सन्देश जैन घुंघरू स्वामी व नेपाल से आई प्रेम गंगा ने बताया कि राम कथा सुनने के लिए ओशो से जुड़े 50 के लगभग सन्यासी शुकतीर्थ आए हुए थे जिनमे नेपाल सहित जयपुर, इंदौर, उज्जैन,दिल्ली ,राजकोट, जूनागढ़ सहित अमेरिका से भी श्रद्धालु आए

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जमशेद बेग पुत्र शमशेर बेग निवासी मौहल्ला जामियानगर जिला मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने एक प्लाट जिसका क्षेत्रफल 34.32 वर्ग मीटर भाग खसरा नं0-2226 व 2227, स्थित मौहल्ला जामियानगर मुजफ्फरनगर परगना व तहसील सदर व जिला मुजफ्फरनगर को मौहम्मद गुलशेर बेग पुत्र शमशेर बेग से बैनामा संख्या 12737 दिनांक 11.09.2012 के द्वारा खरीद किया था। अपने खरीद बैनामे से पूर्ववर्ती Legal Chain का असल बैनामा सं0-5121 बही सं0-1, जिल्द सं0-5503 पृष्ठ सं0-101 से 114 दिनांक 07.05. 2010 जो क्रेता मौहम्मद गुलशेर बेग के नाम था की फोटो स्टेट कराने हेतू प्रार्थी उक्त मूल बैनामे को लेकर बाजार रुड़की रोड गया था जो वास्तव में कहीं खो गया है या कहीं गुम हो गया है। काफी तलाश करने पर भी वह प्रार्थी को नहीं मिला। इस विषय में प्रार्थी ने ई-थाना में एक रिपोर्ट दिनांक 07.05.2026 को दर्ज कराई है उपरोक्त सम्पत्ति पिरामल फाइनेन्स लिमिटेड में लोन हेतू बन्धक हेतू आई है। जिस किसी को उपरोक्त बैनामे संख्या 5121 दिनांक 07.05. 2010 के विषय में कोई भी सूचना हो या आपत्ति हो वह 7 दिन के भीतर हमारे पते डा. राहुल शर्मा एडवोकेट मोबाईल नं0-9897326062 केयर ऑफ पिरामल फाईनेन्स लिमिटेड भोपा रोड मुजफ्फरनगर पर सूचित करे ।

# दिव्य ध्यान योग आश्रम में अखंड रामायण पाठ प्रारंभ

**मुजफ्फरनगर।** पचेंडा रोड स्थित मौहल्ला राधिकापुरम में स्थित दिव्य ध्यान योग आश्रम में स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज के सानिध्य में अखंड रामायण पाठ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ प्रारंभ हो गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार 11 मई को प्रात: 9 बजे अखंड रामायण पाठ का समापन होगा। इसके उपरांत सुबह 9 बजे से 11 बजे तक भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। वहीं इसके बाद स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज के तृतीय दीक्षा दिवस समारोह का भव्य आयोजन होगा, जिसमें ह्आत्म बोध चेतना के पुष्पह्न पुस्तक का विमोचन उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा किया जाएगा।कार्यक्रम में दंडी स्वामी महादेव आश्रम महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज सहित अनेक संत-महात्मा पहुंचकर स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।बताया गया कि मंत्री कपिल देव अग्रवाल के विशेष प्रयासों से पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# हथौड़े से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना की कमल मार्केट में दो दिन पूर्व पैसे के लेन देन को लेकर हुए विवाद में दुकानदार पर हथौड़े से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को बुढ़ाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त हथौड़ा भी बरामद कर लिया है। घायल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसे मेरठ हायर सेंटर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व बुढ़ाना कस्बे की कमल मार्केट में दुकान चलाने वाले तजमुल राणा का मार्केट के ही दूसरे व्यक्ति पप्पू से पैसे मांगने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आवेश में आकर तजमुल राणा ने पास में रखा हथौड़ा उठाकर पप्पू के सिर पर वार कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से पप्पू लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। घटना के बाद बाजार में अफरा तफरी मच गई। आसपास के दुकानदारों ने तुरंत घायल पप्पू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ाना कोतवाली पुलिस हरकत में आई। इंस्पेक्टर सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने रविवार को आरोपी तजमुल राणा निवासी बुढ़ाना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया।

# इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना में शुक्रताल मार्ग पर स्थित इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मदर्स डे के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओं द्वारा अनेक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य अलका वर्मा द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया।स्कूल में आई माताओं का स्वागत अभिनंदन करने के बाद प्रधानाचार्या ने मां के बलिदान ओर उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक माँ ही होती है जो परिवार में सबसे पहले उठती है ओर सबके सो जाने के बाद ही सोती है, अपने परिवार की तरक्की अपने बच्चों की सफलता के लिए खुद को ही भूल जाती है इसलिये माँ एक ऐसा शब्द ही जिसका कोई वर्णन कर ही नही सकता इसलिये माँ हो या सासू माँ सभी का सम्मान जरूरी है क्योंकि माँ तो आखिर माँ होती हैं उनके साथ बैठे उनसे बात करें उन्हे अपनेपन का एहसास कराये। माँ के आशीर्वाद से बढ़ कर कुछ भी नही होता, मातृत्व दिवस के आयोजन की सार्थकता भी तभी सिध्द होगी। कार्यक्रम में सभी माताओं के लिए विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज जैसे रैंप वॉक, क्विज कॉन्टैस्ट और अन्य कैटेगरी में मिसेज अटायर, मिसेज प्रोफेशनल, मिसेज पर्सनालिटी, मिसेज स्माइल, मैसेज इंटेलिजेंट, मैसेज एडोरेबल, बेस्ट हेयरस्टाइल आदी ऐक्टिविटी का आयोजन हुआ जिसमे श्रेष्ट प्रदर्शन करने वाली माताओ को पुरुष्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक विराज तोमर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रधानाचार्या अलका वर्मा को ओर समस्त विद्यालय परिवार को अपनी ओर से शुभकामनाएँ प्रेषित की ओर कार्यक्रम में बडी संख्या में उपस्थित हुई सभी माताओं को भी अपनी ओर से शुभकामनाएँ देकर कहां कि एक माँ ही है जो अपने मुह का निवाला भी अपने बच्चों को दे देती है उसके बाद ही खाती हैं घर में सबसे बाद में भोजन माँ ही करती है इसलिये माँ के ;ण को चुकाया नही जा सकता है। मेरी ओर से जगत जननी सभी माताओं को कोटि कोटि प्रणाम।






कार्यक्रम का संचालन मिस होनी अन्तल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रीता शर्मा,रेखा शर्मा, पूजा राणा,विनती शर्मा, साक्षी अग्रवाल, संयोगिता, प्रीति शर्मा, मानसी, खुशी, शकुन्तला, पूजा सहरावत, अजय गुप्ता, आर आर मिश्रा, पवन शर्मा, रिहान आदि का सहयोग रहा।फोटो समाचार **वहीं ककरौली में जानसठ मार्ग स्थित एस डी पब्लिक स्कूल** मदर्स डे बड़ी धूमधाम से बनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजित कार्यक्रम में कार्ड व पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा एल के जी की छात्राओं ने डांस के जरिए अपने तरीके से मां के प्रति प्यार जताया जिसमें विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने नृत्य, गीत, गायन ,कविताएं आदि गति. विधियों की शानदार प्रस्तुति पेश कर माताओ के लिए प्रेम व्यक्त किया।विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू शर्मा ने बताया कि मां का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व होता है वह न केवल हमें जन्म देती है बल्कि हमारी पहली गुरु ,दोस्त और संरक्षक भी हमारी मां ही होती है। विद्यालय के डायरेक्टर के पी सिंह ने बच्चों को मां के महत्व को समझाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैं बाबू राम पुत्र समय सिंह उर्फ सूम निवासी ग्राम ढिंढावली सैनियो वाली थाना शाहपुर और तहसील बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र अंकित कुमार मेरे कहने में नही है। गलत संगत में उठता बैठता है। जिस काम को में मना करता हूं उसी काम को करता है। जिससे में और मेरा परिवार तंग है। अब मैं अपने होशो हवाश में अपने पुत्र से अपने परिवारिक रिश्ते खत्म करता हूं। आज के बाद मेरे पुत्र द्वारा किए गये किसी भी प्रकार के फौजदारी, दीवानी या अन्य कृत्य के लिए में या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नही होगा। मेरा पुत्र अपने लेन देन और अपने किए सब प्रकार के कार्यो का खुद जिम्मेदार होगा। मैंने अपने पुत्र को खुद अपने परिवार से बेदखल कर दिया है। मैं अपने पुत्र से अब परिवारिक रिश्ता नहीं रखूंगा। मेरे पुत्र अंकुर कुमार का मेरी चल अचल संपत्ति से कोई लेना देना नही है।

# हरियाणा नारकोटिक्स टीम की मीरापुर में छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** हरियाणा की नारकोटिक्स टीम ने रविवार को कस्बे में नशीली दवाइयों के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पड़ाव चौक स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान टीम ने भारी मात्रा में संदिग्ध एवं नशीली दवाइयां बरामद कर कब्जे में ले लीं तथा मेडिकल स्टोर संचालक को पूछताछ के लिए अपने साथ हरियाणा ले गई। इस कार्रवाई के बाद कस्बे के मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

बताया गया कि पड़ाव चौक स्थित अमन मेडिकल स्टोर पर पूर्व में भी नारकोटिक्स टीम द्वारा छापेमारी की जा चुकी है। इसके बावजूद नशीली दवाइयों का कारोबार लगातार जारी रहने की चर्चा क्षेत्र में बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्रवाई के कुछ समय बाद ही कई मेडिकल स्टोर संचालक दोबारा नशे का अवैध कारोबार शुरू कर देते हैं। सूत्रों के अनुसार हरियाणा नारकोटिक्स टीम ने मीरापुर के अलावा रामराज क्षेत्र में भी छापेमारी की।

हालांकि टीम की ओर से आधिकारिक रूप से कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई। लोगों का कहना है कि नशीली दवाइयों के इस कारोबार की चपेट में सबसे अधिक युवा और मजदूर वर्ग के लोग आ रहे हैं, जिससे उनके परिवारों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नशीली दवाइयों की बिक्री पर स्थायी रूप से रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।


## मेरठ वाया करनाल हाईवे पर दिन दहाड़े अवैध खनन

**फुगाना/बुढ़ाना।** फुगाना थाना क्षेत्र में मेरठ वाया करनाल हाईवे पर अवैध खनन का खेल खुलेआम चल रहा है। स्टार इंटरनेशनल स्कूल के निकट खेतों से दिनदहाड़े मिटी का खनन कर ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरकर हाईवे से ले जाया जा रहा है। खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें पुलिस-प्रशासन का कोई खौफनहीं है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियां बिना तिरपाल ढके मिटी लेकर हाईवे से गुजरती हैं। ट्रॉलियों से मिटी सड़क पर गिरती रहती है। इससे फिसलन हो रही है और दोपहिया वाहन चालक आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चों की छुटी के समय हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रॉलियों की आवाजाही बढ़ जाती है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार शिकायत के बाद भी खनन नहीं रुक रहा। ग्रामीणों का कहना है कि खनन का यह खेल दिन के उजाले में चल रहा है। हाईवे जैसी व्यस्त सड़क से मिटी भरी ट्रॉलियां निकल रही हैं, फिर भी पुलिस और खनन विभाग को दिखाई नहीं देता। लोगों ने प्रशासन की मिली भगत का आरोप लगाते हुए कहा कि षबिना संरक्षण के हाईवे पर खुलेआम खनन संभव नहीं है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि स्टार इंटरनेशनल स्कूल के पास हो रहे अवैध खनन पर तुरंत रोक लगाई जाए। साथ ही हाईवे पर मिटी डालने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीज कर खनन माफियाओं के खिलापफसख्त कार्रवाई की जाए। लोगों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे हाईवे जाम कर प्रदर्शन करेंगे। फिलहाल खनन विभाग और फुगाना पुलिस ने मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

# मोमिन अंसारी समाज दहेज व नशामुक्ति को चलाएगा अभियान

**पुरकाजी।** दहेज प्रथा एवं युवाओं में बढ़ती नशाखोरी के खिलाफ जनजागरण अभियान को लेकर ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज द्वारा सरवट चौराहे स्थित जिला कैंप कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इरफान अंसारी ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय मुख्य महासचिव ताहिर हुसैन अंसारी द्वारा किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से कय्यूम अंसारी बरला को संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए समाज में फैली विभिन्न बुराइयों को दूर करने में अहम भूमिका निभाएंगे। वहीं क"यूम अंसारी ने समाज सुधार के लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। बैठक में निर्णय लिया गया कि दहेज प्रथा एवं नशाखोरी के खिलाफ आगामी 6 जून को एक जागरूकता पैदल यात्रा निकाली जाएगी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इरफान अंसारी एवं राष्ट्रीय मुख्य महासचिव ताहिर हुसैन अंसारी ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों तथा युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने समाज के लोगों एवं संगठन पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।



बैठक में मुख्य रूप से आस मोहम्मद एडवोकेट, मुर्तजा अंसारी, डॉक्टर अली शेर अंसारी, कारी मोहम्मद साबिर, तनवीर आलम, फरहान अंसारी, गुलजार अंसारी, इस्तकार अंसारी, शकील अंसारी, मोहम्मद इनाम अंसारी, रिजवान अंसारी, अमजद अंसारी, शाहिद अंसारी, कारी मोहम्मद आसिफ, पप्पू चरथावल, जमशेद अंसारी, महताब अंसारी एवं मोहम्मद रशीद अंसारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मजदूर संघ के पुष्पेन्द्र जिलाध्यक्ष व भूपेन्द्र जिला मंत्री बने




**मुजफ्फरनगर।** भारतीय मजदूर संघ का जिला अधिवेशन आयोजित, नई कार्यकारिणी में पुष्पेन्द्र शर्मा जिलाध्यक्ष और भूपेन्द्र सिंह जिला मंत्री बनेरविवार को भारतीय मज़दूर संघ मुज़फ्फरनगर का जिला अधिवेशन केशवपुरी सरस्वती शिशु मन्दिर में सम्पन्न हुआ ।

जिला भारतीय मजदूर संघ मुजफ्फरनगर के अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला आरएसएस सहप्रान्त प्रचारक निपेन्द्र भारतीय मजदूर संघ प्रदेश मन्त्री नवीन धारीवाल, उत्तर प्रदेश बैंक वर्कर्स के महामन्त्री अनुज त्यागी, सरस्वती शिशु मन्दिर के प्रधानाचार्य गोविन्द गुप्ता ने सहभागिता की ।

अधिवेशन की अध्यक्षता पुष्पेन्द्र दत्त शर्मा ने की संचालन हमेन्द्रपाल जिला मंत्री ने किया , अधिवेशन में आंगनवाड़ी प्रभारी इन्दिरा शर्मा आंगनवाड़ी प्रदेश मंत्री दीपा वर्मा भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख सतीश कुमार धीमान सहविभाग प्रमुख प्रदीप कुमार भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ संरक्षक केके शर्मा भारतीय पैंशन मंच के राष्ट्रीय महासचिव हरिमोहन शर्मा, कोपरेटिव बैंक के राज कुमार शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अधिवेशन में उत्तर प्रदेश रोडवेज, चीनी मिल तितावी, चीनी मिल टिकौला, चीनी मिल मारेना, यूपी स्टील नरा, भारत संचार निगम आंगनवाड़ी, बिजली विभाग, नगर निगम, डाक विभाग संगठनों के कार्यकर्ता अधिवेशन में उपस्थित हुये । अधिवेशन में कार्यकारिणी 2025 के आय-व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष नीरज शर्मा ने प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया और उसके उपरान्त अध्यक्ष पुष्पेन्द्र दत्त शर्मा ने कार्यकारिणी 2025 को भंग किया व प्रदेश मंत्री भारतीय मजदूर संघ नवीन धारीवाल के द्वारा नई कार्यकारिणी 2026 का गठन करने का प्रस्ताव रखा गया , जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया । नई कार्यकारिणी 2026 का गठन इस प्रकार है रूनयी जिला कार्यकारिणी मे मुख्य रूप से तितावी शुगर मिल से पुष्पेंद्र दत्त शर्मा को जिलाध्यक्ष, बी एस एन एल से हेमेंद्र पाल को कार्याध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक से भूपेंद्र सिंह को जिला मंत्री, आदित्य आर्य को उप जिला मंत्री व अन्य पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया। सम्मेलन मे प्रदेश मंत्री नवीन धारीवाल, छव्ठॅ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुज त्यागी , विभाग प्रमुख सतीश , सह विभाग प्रमुख प्रदीप , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के के शर्मा पेंशनर्श मंच के महामंत्री हरिमोहन शर्मा , प्रदेश उपाध्यक्षा इंद्रा शर्मा आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ प्रदेश महामंत्री दीपा वर्मा भी उपस्थित रहे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का किया निरीक्षण



**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में प्रत्येक रविवार आयोजित किए जा रहे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों के अंतर्गत आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा चिकित्सा व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जसोई, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गालिबपुर, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोपाड़ा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जड़ौदा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी व्यवस्था, दवा वितरण, टीकाकरण, जांच सेवाओं, साफ-सफाई तथा मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

डॉ. सुनील तेवतिया ने संबंधित चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ-सफाई बनाए रखने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने आमजन से स्वास्थ्य मेलों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

## रामराज थाने के शिव मंदिर में हवन का आयोजन

**रामराज।** थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि एवं भाईचारे की कामना को लेकर पहली बार हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ज्ञानन्द सिरोही सहित थाना स्टाफ एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर हवन में आहुति दी तथा प्रसाद वितरण किया गया।

हवन कार्यक्रम में भाग लेकर अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की कामना की। इस अवसर पर जानसठ क्षेत्राधिकारी ;षिका सिंह, मीरापुर थाना प्रभारी राजीव शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिरोही ने बताया कि प्रत्येक माह थाना परिसर में हवन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे पर्यावरण की शुद्धि व क्षेत्र में सुख-शांति और भाईचारे का वातावरण बना रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता के साथ मिलकर सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में एसएसआई हर्षित शर्मा, एएसआई जयसिंह नागर, ऋषभ चौधरी, हरीओम, रईस अहमद, मोनिका सहित पुलिस कर्मचारी, पूर्व प्रधान नाहर सिंह एडवोकेट समेत अन्य गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### योग से ही शरीर रहता है निरोग : डा. सत्येंद्र पाल



**मुज़फ्फरनगर।** एसवीएम योग एवं स्वास्थ्य महाविद्यालय मुजफ्फरनगर में रविवार को जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सत्येन्द्र पाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में डॉक्टर सत्येन्द्र पाल ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। आज की भाग दौड़ और तनाव भरी जिंदगी में योग से ही शरीर और मन दोनों निरोगी रह सकते हैं। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए समय समय पर ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि योग को हर घर तक पहुंचाना जरूरी है। डॉक्टर सत्येन्द्र पाल ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सैकड़ों छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आप सभी बच्चे योग के दूत हैं। हार जीत मायने नहीं रखती प्रतिभाग करना बड़ी बात है। इसके बाद उन्होंने विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डाक्टर सत्येंद्र पाल ने सुंदर एवं सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय प्रबंधन ओर आयोजक मंडल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एसवीएम योग महाविद्यालय जिले में योग को बढ़ावा देने का सराहनीय कार्य कर रहा है। इस अवसर पर सपा जिला सचिव अनेश निर्वाल और वरिष्ठ नेता रविन्द्र पाल भी डॉक्टर सत्येन्द्र पाल के साथ मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में योगाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने वृक्षासन, ताड़ासन, भुजंगासन, पद्मासन और सूर्य नमस्कार जैसे कठिन आसनों का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया।

### मां शक्ति आसरा बनी बुजुर्गों व दिव्यांगों का सहारा

**बुढ़ाना।** मां शक्ति आसरा संस्था दिल्ली बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरी है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रलय तथा एलीमको के सहयोग से संस्था द्वारा साउथ गणेशनगर दिल्ली में नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 60 वर्ष से अधिक आयु के करीब 100 बुजुर्गों व दिव्यांगजनों को जरूरी उपकरण वितरित किए गए। बुजुर्ग एवं दिव्यांग सेवा सर्वोपरि सेवा करे मोदी का सपना पूरा के संकल्प के साथ मां शक्ति अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा संचालित मां शक्ति आसरा केंद्र ने यह कैंप लगाया। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय व आलिमको संस्था के पंकज द्विवेदी, प्रियंका सिंह की टीम से डॉक्टर योगेश कुमार, डॉक्टर विक्रम सिंह व प्रतोष कुमार के सहयोग से यह सेवा कार्य संपन्न हुआ। संस्था की एडवोकेट अनीता गुप्ता व इंजीनियर संजीव गुप्ता ने बताया कि कैंप में पहले से रजिस्टर्ड 100 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वॉकिंग स्टिक, हियरिंग एड, चश्मा आदि उपकरण दिए गए। खास बात यह है कि मां शक्ति आसरा द्वारा दिए गए उपकरण में अगर बाद में रिपेयर या सर्विस की जरूरत पड़ती है तो संस्था नि:शुल्क सर्विस भी प्रदान कर रही है। मां शक्ति आसरा संस्था नर नारायण सेवा में सहयोग करने वालों को दिव्य देवदूत अवार्ड से सम्मानित करती है। इसी कड़ी में कार्यक्रम में सहयोग के लिए शाहदरा साउथ जोन के चेयरमैन राम किशोर शर्मा, एसीपी केश कुमार राय व स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार को दिव्य देवदूत अवार्ड से सम्मानित किया गया। चेयरमैन राम किशोर शर्मा ने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि क्षेत्रमें कोई भी दिव्यांग या बुजुर्ग बिना सहायक उपकरण के न रहे। आने वाले दिनों में कई और कैंप लगाए जाएंगे। संस्था ने भी दिल्ली के हर बुजुर्ग व दिव्यांग तक मुफ्त उपकरण पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम को सफल बनाने में निमिष दीक्षित, प्रदीप गुप्ता, धनीराम, शिवकुमार, एडवोकेट विनोद कुमार, रवि शंकर, रोहित गुप्ता, सुरेश गुप्ता, केशव द्विवेदी, मोनू गुप्ता, बॉबी वर्मा, पीयूष, दिव्यांश सक्सेना, मयंक गुप्ता का सहयोग रहा।

# खेत में काम कर रहे किसान पर डंडे से हमला

**रतनपुरी/बुढाना।** थाना रतनपुरी क्षेत्र के ग्राम घनश्यामपुरा मजरा समौली में खेत में काम कर रहे एक किसान पर गांव के ही युवक ने पीछे से डंडे से जानलेवा हमला कर दिया।

हमले में किसान के सिर, कमर और कंधों पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घनश्यामपुरा गांव निवासी सुभाष अपने खेत में फावड़े से काम कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही रमेश पुत्र रामदास उर्फ काला पीछे से आया व सुभाष के सिर पर डंडे से ताबड़तोड़ वार कर दिए। अचानक हुए हमले से सुभाष लहूलुहान होकर खेत में गिर पड़ा। हमले में उसके सिर, कमर और कंधों पर गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और घायल सुभाष को संभाला। परिजनों ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चल रही है। इसी रंजिश के चलते रमेश उर्फ काला ने मौका पाकर सुभाष पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित सुभाष ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रमेश उर्फ काला ने जान से मारने की नीयत से मेरे सिर पर डंडे से वार किया। मेरे सिर, कमर और कंधों पर गहरी चोटें आई हैं। उसने पुलिस से आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं रतनपुरी पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# स्वामी रूद्रदेव महाराज की प्रतिमा की विधिवत स्थापना

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली स्थित गंगनहर के निकट श्री अखंडानंद आश्रम में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं विशाल अखंड भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर गत वर्ष ब्रह्मलीन हुए स्वामी रूद्रदेव महाराज की प्रतिमा की विधिवत स्थापना भी आश्रम परिसर के गर्भगृह में कराई गई।

कार्यक्रम में दूर-दराज से आए संत-महात्माओं और हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भवानी मंदिर स्थित कीर्ति स्तंभ परिसर से निकाली गई भव्य नगर कीर्तन यात्रा से हुई। यात्रा में हरिद्वार के अवधूत मंडल के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी संतोषानंद जी महाराज मुख्य रूप से शामिल रहे। नगर कीर्तन जीटी रोड, जानसठ तिराहा, घंटाघर और इंदिरा मूर्ति मार्ग से गुजरते हुए श्री अखंडानंद आश्रम पहुंचा। रास्ते भर श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

आश्रम पहुंचने पर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच स्वामी रूद्रदेव महाराज की प्रतिमा की स्थापना संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में स्वामी संतोषानंद जी महाराज ने कहा कि स्वामी रूद्रदेव महाराज का जीवन सेवा, त्याग और समर्पण की अनुपम मिसाल था। उन्होंने आयुर्वेद, शिक्षा और समाज सेवा के माध्यम से जनकल्याण के अनेक कार्य किए। उनका व्यक्तित्व



और कृतित्व सदैव समाज को प्रेरित करता रहेगा। इस दौरान संत-महात्माओं का श्रद्धालुओं द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के उपरांत आयोजित विशाल अखंड भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में आश्रम व्यवस्थापक अशोक अहलावत, समिति अध्यक्ष अमृत लाल, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश नागपाल, महासचिव विनीत कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष केशव अग्रवाल, डॉ. मुकेश उपाध्याय, सुनील भसीन, राजेंद्र अरोड़ा, यशपाल अरोड़ा, मदन छाबड़ा, राकेश उपाध्याय, जयचंद जैन, जगदीश भाटिया, भगवानदास मेहंदी रत्ता, विनोद कण, दीपक चड्ढा, पंडित पुष्पेश पंत, संजय ग्रोवर और रामजी गगनेजा सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

# बिजलीघर पर भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं का टोडा बिजलीघर पर अनिश्चितकालीन धरना रविवार को भी पूरे जोश के साथ जारी रहा। धरने पर बैठे भाकियू के सिपाही बिजलीघर के अवर अभियंता पर भ्रष्टाचार, किसानों से अभद्रता और शोषण के गंभीर आरोप लगा रहे हैं। धरनास्थल पर भारतीय किसान यूनियन जिंदाबाद, बाबा टिकैत अमर रहे और अनुज बालियान जिंदाबाद के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। धरने को संबोधित करते हुए भाकियू जिला महासचिव अनुज बालियान ने कहा कि टोडा बिजलीघर के इस भ्रष्टाचारी, अभद्रताकारी और किसानों का शोषण करने वाले जेई पर हमारी निगाहें बराबर लगी हुई हैं। किसानों से गलत बिलिंग के नाम पर वसूली, कनेक्शन के लिए स्वित मांगना और दफ्तर में बदतमीजी करना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक आरोपी जेई को हटाकर किसानों की समस्याओं का समाधान नही होता धरना जारी रहेगा। भाकियू ने 13 मई को टोडा के बिजलीघर पर ही महापंचायत का ऐलान किया है। भारतीय किसान यूनियन के बुढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर सहरावत ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने अपने गांवों से ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर सवार होकर जनसैलाब के साथ महापंचायत में पहुंचें। सभी साथी अपने बैनर फोटो सहित धरनास्थल पर लगवाएं। यह लड़ाई किसान सम्मान की है। धरनास्थल पर बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, भाकियू के जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी और भाकियू बुढ़ाना नगर अध्यक्ष इसरार ने कहा कि यह किसान बिरादरी पूरी



मजबूती के साथ इस महापंचायत को सफल बनाने का काम करेगी। हम ट्रैक्टर ट्राली के पूरे काफिले के साथ तैयारी करके पहुंचेंगे। जेई की मनमानी अब नहीं चलेगी। कार्यकर्ताओं ने वहीं दोपहर का भोजन भी किया और देर शाम तक धरना जारी रखा। भाकियू नेताओं ने कहा कि कई बार बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को जेई की शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब किसान आर पार की लड़ाई के मूड में है। अगर 13 मई से पहले जेई को नहीं हटाया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। रविवार को भी धरनास्थल पर किसान मौजूद रहे। इस मौके पर जावेद राणा, इरशाद, लविश जांगिड, अमित चौधरी, यासीन खां और गुलाब सहित दर्जनों कार्यकर्ता डटे रहे। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों ने इस धरने के मामले में फिलहाल कोई भी आधिकारिक बयान नही दिया है।

# महाराणा प्रताप जयंती पर खतौली में दिखा श्रद्धा और उत्साह

**खतौली।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर शनिवार को खतौली नगर श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। ठाकुर समाज के तत्वावधान में मीरापुर मार्ग स्थित राजेश फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया और महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके शौर्य, त्याग और स्वाभिमान को नमन किया। पूरे आयोजन में देशभक्ति और वीरता का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के संघर्षपूर्ण जीवन, मातृभूमि के प्रति समर्पण और स्वाभिमान की भावना को याद करते हुए कहा कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी मुगल सत्ता के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया। जंगलों और पहाड़ों में कठिन जीवन बिताने के बावजूद उन्होंने स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम रहे। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर राष्ट्रहित और समाजहित में कार्य करने का आ]वान किया।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि राष्ट्र गौरव और आत्मसम्मान के प्रतीक हैं, जिनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

इसके बाद नगर में विशाल और आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र का माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया। शोभायात्रा में दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, डीजे, बैंड-बाजे और भव्य झांकियां शामिल रहीं। महाराणा प्रताप की सजीव झांकियां और बच्चों द्वारा वीर सैनिकों की वेशभूषा में प्रस्तुतियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों और वीर रस के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा मीरापुर मार्ग से शुरू होकर जानसठ रोड, जीटी रोड और मुख्य बाजारों से होती हुई नेशनल हाईवे स्थित चीतल ग्रांड के सामने जाकर संपन्न हुई। बड़ी संख्या में युवा हाथों में भगवा ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए।शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।इस अवसर पर विनोद चौहान, सुधीश पुंडीर, सतीश ठेकेदार, सागर सोम, अमृत पुंडीर, अमित राणा, अनिल पुंडीर, दुष्यंत पुंडीर, विकास पुंडीर, तनश तंवर चेयरमैन, अभिमन्यु सोम, गंगाराम झाझ, शेरपाल चौहान, दीपक सोम, अनुज राजावत, अंकुर कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, व्यापारी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस से मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ई-रिक्शा चालक ने दो अज्ञात युवकों पर रिक्शा किराये पर ले जाने के बहाने रास्ते में मारपीट कर लूट करने, रिक्शा पलटने व पहिया तोड़ने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए चौबीस घंटों के अन्दर दोनों आरोपियों को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था मे गिरफ्तार कर लिया।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को ई रिक्शा चालक याकूब पुत्र आशिक निवासी ग्राम औरंगजेबपुर चिलकाना बस स्टैंड के निकट पान के खोखे के सामने सवारियों के इंतजार में खडा हुआ था। तभी दो अज्ञात व्यक्ति बाईक पर सवार होकर उसके पास आये और सीकरी खुर्द से कुछ सामान लाने की बात करते हुए दो सो रूपये किराया तय किया। जिनमें से एक व्यक्ति ई-रिक्शा में बैठ गया। सीकरी खुर्द पहुंचने के बाद आरोपी उसे थोड़ा आगे कहकर गांव मरोडगढ की ओर ले गये। जहां पर आरोपियों ने ई - रिक्शा चालक साथ मारपीट करते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया। ई-रिक्शा को सड़क से नीचे खेत में पलटकर पहिया तोड दिया। घटना के बाद ई रिक्शा चालक द्वारा थाना पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी थी। मुकदमा दर्ज किए जाने के लगभग 24 घण्टे बाद पुलिस टीम ने उपरोक्त घटना में शामिल फरार दोनों आरोपियों को बाद मुठभेड़ घायल अवस्था मे गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान अमन उर्फ आर्यन पुत्र राजबीर उर्फ राजू निवासी ग्राम बड़ी छाप्पुर तथा कार्तिक पुत्र अमित निवासी ग्राम छोटी छाप्पुर थाना नकुड के रूप में की गई। दोनों आरोपियो के कब्जे से दो तमंचे, पांच जिन्दा व चार खोखा कारतूस तथा लूटे गये रूपयों में से दो हजार साठ रूपये बरामद किये गये। कार्यवाही टीम में एसओ विनोद कुमार, एसआई रवि राठौर, महिला एस आई सुमन, हैड कांस्टेबल विवेक छिकारा, कांस्टेबल सुमित तालियान व पुनित यादव शामिल रहे।

# बंद पड़े मकान से लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** कस्बे के रोहित नगर में बीती रात चोरों ने एक बंद पड़े घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने के आभूषण चोरी कर लिये। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



जानकारी के अनुसार रोहित नगर निवासी शम्भूलाल पुत्र समेर सिंह पिछले तीन दिनों से अपने भांजे की शादी में परिवार सहित बाहर गये हुए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर घर में धावा बोल दिया। सुबह जब आसपास के लोगों ने घर का सामान बाहर बिखरा देखा तो उन्हें चोरी की आशंका हुई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल बिहारीगढ़ पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। प्रारम्भिक अनुमान के अनुसार घर से लाखों रुपये के सोने के आभूषण चोरी हुए हैं। हालांकि चोरी गये सामान की सही जानकारी गृहस्वामी के वापस लौटने के बाद ही सामने आ सकेगी। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि जिस घर में चोरी हुई उसके सामने ही बंधन बैंक स्थित है, जहां रात के समय पुलिस की लैपर्ड गाड़ी गश्त करती रहती है। इसके बावजूद बैंक के सामने स्थित घर में चोरी हो जाना पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# मां अपने आप में संपूर्ण शब्दः श्वेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्वेता सैनी ने कहा कि माँ शब्द सम्पूर्ण शब्द है जो ममता भरा है।माताओं के सम्मान किया जाना चाहिए।



महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्वेता सैनी के कैम्प कार्यालय पर मातृ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मातृ शक्ति को नारी न्याय कप भेंट कर सम्मानित करते हुए महिलाओं के साथ केक काटा गया।संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि माँ दुनिया का सबसे पवित्र शब्द है जो स्वयं में सम्पूर्ण है।माँ बच्चे की पहली गुरु और पाठशाला होती है।उन्होंने कहा कि माताएं समाज की शक्ति हैं और उनका सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है।महिला कांग्रेस सदैव महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के लिए कार्य करती रहेगी।

जिला उपाध्यक्ष सीता भारद्वाज, कुसुम,रविता,कांता देवी, मेनका आदि ने भी मातृ शक्ति पर विचार रखते हुए महिलाओं के समाज मे योगदान पर प्रकाश डाला।

इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## संचार व्यवस्था ठप

**चिलकाना।** ग्राम सीकरी कलां में लगे इण्डस कम्पनी के टावर से पिछले माह अज्ञात चोरों द्वारा सेल चोरी कर लिए गए थे, संचार व्यवस्था ठप्प होने के कारण उपभोक्ता परेशान है।

क्षेत्र में संचार व्यवस्था ठप्प होने के कारण जहां मोबाईल उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं कम्पनी को भी भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।कम्पनी के सिक्योरिटी इंचार्ज रिफाकत हुसैन पुत्र शौकत हुसैन निवासी परिवहन पुरम् रूड़की रोड मेरठ ने चिलकाना थाना पर तहरीर देकर पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

# सेंट जोसेफ स्कूल में माताओं का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** सेंट जोसेफ स्कूल में रविवार को मदर्स डे का जश्न अनोखे अंदाज में मनाया गया। नर्सरी से कक्षा पांच तक के बच्चों की माताओं के लिए स्पेशल टैलेंट शो का आयोजन किया गया।



बच्चों ने अपनी मां के लिए खुद बनाए ग्रीटिंग कार्ड भेंट कर और श्मांश थीम पर नृत्य-गायन की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मंच माताओं के हवाले रहा। घर-परिवार संभालने वाली माताओं ने जब अपनी कला का प्रदर्शन किया तो हॉल में बैठा हर शख्स दंग रह गया। कविताओं में ममता का भाव छलका तो रैंप पर माताओं के कदमों ने कॉन्फिडेंस की नई मिसाल कायम की। भावुक हुई एक मां ने कहा, ष्कई सालों बाद हमें लगा कि हम सिर्फ गृहिणी नहीं, अपनी पहचान रखने वाली महिलाएं भी हैं।ष

विद्यालय की प्रिंसिपल दीपाली गुप्ता ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों में 10 दिवसीय श्मॉम एंड किड एक्टिविटी कैंपश लगाया जाएगा। इसमें माताएं अपने बच्चों के साथ आर्ट, क्राफ्ट और पर्सनालिटी ग्रूमिंग सीख सकेंगी। कार्यक्रम में मौजूद प्रोफेसर एसपीएस राणा, चेयरपर्सन शिशिर सिंह राणा और पूजा राणा ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में रचनात्मकता बढ़ाने के साथ स्कूल और अभिभावकों के रिश्ते को भी मजबूत करते हैं।

शिक्षिकाओं के निर्देशन में बच्चों ने श्मेरी प्यारी मांश पर भावपूर्ण प्रस्तुतियां देकर माहौल को और भी मार्मिक बना दिया। स्कूल प्रबंधन का उद्देश्य बच्चों में कला के साथ-साथ भावनात्मक मूल्यों का विकास करना था।

# पत्नी, पैसे और जेवरात बरामद करने की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र निवासी पीड़ित युवक ने विपक्षी दुमझेड़ा गांव निवासी युवक पर उसकी नवविवाहित पत्नी को बहला फुसलाकर फरार कर ले जाने तथा अन्य दो युवकों पर इस कृत्य में आरोपी का सहयोग करने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा पीड़ित की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि उसकी शादी पिछले महीने 26 अप्रैल को हुई थी। शादी के दो तीन दिन तक उसकी पत्नी उसके साथ रही। विगत 03 मई की रात्रि को उसकी पत्नी घर से लपता हो गई थी। जिस सम्बन्ध में पीड़ित ने 04 मई को थाना पर आकर पत्नी के लापता होने की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

आरोप है कि पीड़ित को अब जानकारी करने पर पता चला है आरोपी तजरियान पुत्र इकरार निवासी ग्राम दुमझेड़ा थाना चिलकाना उसकी पत्नी को बहला-फुसला कर अपने साथ भगाकर ले गया। नियास पुत्र फान्ना व बासिद पुत्र साकिब निवासीगण ग्राम दुमझेड़ा ने इस कृत्य में आरोपी का सहयोग किया।

# पृथक प्रदेश निर्माण तक संघर्ष जारीः वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** पृथक राज्य निर्माण को लेकर रविवार को गांव नोजली मे आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण होने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। जिसके लिए पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा गांव गांव ,नगर नगर अलख जगा कर युवा पीढ़ी को पृथक राज्य के लिए तैयार कर रहा है।



उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, गुंडागर्दी और अव्यवस्था की चपेट में है। बड़ा राज्य होने के कारण प्रशासन पर शासन की कोई पकड़ नहीं रह गई है। कर्मचारी व अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। सभी विभागों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। पृथक पश्चिम प्रदेश बनने पर यहां शिक्षा और चिकित्सा सबसे बेहतर होगी।

मोर्चा के राष्ट्रीय सलाहकार हाफिज मुर्तजा त्यागी ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब यह एक बड़ा जन आंदोलन होगा और पृथक राज्य का निर्माण होगा।बैठक मे मोहम्मद नौशाद आलम,संदीप एडवोकेट, नीटू ,गुलफाम त्यागी, महबूब हसन, संदीप चौधरी, आजाद सिंह, पप्पू ,हाजी मन्नान, मास्टर शरीफ अहमद, मोहम्मद आलम, मोहम्मद इरशाद, खालिद, कामिल, डॉ मीर आलम, अमजद तोहिद ,भूरा ,शरीफ आलम, मोहम्मद अब्दुल ,फरमान तहसीन, बिलाल ,तारिक मंसूर, मोहम्मद कादिर मोहम्मद मूसा, मोहम्मद वहाब, शमीम, वसीम डॉक्टर शहजाद ,सावेज, तमरेज, कल्लू उपस्थित रहे

# मंदिर से चोरी करने का आरोपी पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** पुलिस ने गांव खेड़ा अफगान में माता काली मंदिर में गल्ला तोड़कर चोरी करने की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष सुरेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम खेड़ा अफगान निवासी अनुज उपाध्याय पुत्र प्रदीप उपाध्याय ने थाना नकुड़ में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि शनिवार की शाम ग्राम खेड़ा अफगान स्थित माता काली मंदिर का गल्ला तोड़कर रुपये चोरी कर लिए गए। मामले में शान पुत्र अफसर और अन्नू पुत्र मेहरबान निवासी ग्राम सिरसला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। क्षेत्राधिकारी नकुड़ के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सुरेश कुमार के नेतृत्व में अंबेहटा चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना एवं पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शान पुत्र अफसर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से जैतपुर दिल्ली का निवासी है और वर्तमान में ग्राम सिरसला थाना नकुड़ में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से मंदिर के गल्ले से चोरी किए गए 1030 रुपये तथा लोहे की गुदाल बरामद की है कार्रवाई करते हुए दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# महाराणा शौर्य व पराक्रम के प्रतीकः योगेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** विकासखंड मुजफ्फराबाद क्षेत्र अंतर्गत गांव गणेशपुर के पंचायत भवन परिसर में ग्रामीणों ने महाराणा प्रताप जयंती बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई।



ग्राम सभा प्रधान चरण सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मुजफ्फराबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुण्डीर ने कहा कि भारत की भूमि पर महाराणा प्रताप जैसे योद्धाओं का पैदा होना गौरव की बात है। ऐसे महान व्यक्ति को हमें हमेशा याद रखना चाहिए क्योंकि उनके जीवन से हमें ज्ञान प्राप्त होता है। उन्होंने अपना कर्तव्य निभाते हुए समाज को न्याय दिलाने के लिए जो परंपरा निभाई उसी से हमें मातृभूमि की रक्षा करने के लिए जान न्यौछावर करने की प्रेरणा मिलती है। आज के युवाओं को महाराणा प्रताप के जीवन से देश की खातिर हमेशा संघर्ष करने के लिए तैयार रहने की सीख मिलती है।

समारोह में शामिल पटवारी बाघसिंह तोमर, डॉ ऋषिपाल राणा, प्रधान चरणसिंह राठौर, सुशील काम्बोज, संग्राम सिंह तोमर ने भी अपने विचार रखे तथा महाप्रतापी योद्धा महाराणा प्रताप के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत माता के ऐसे वीर सपूतों की गाथाएं हमें त्याग और बलिदान का संदेश देती है। इस मौके पर महावीर सिंह, सोमनाथ (क्षेत्र पंचायत सदस्य) अजय कुमार, अमन राणा, पवन कुमार, योगेंद्र राणा, सतेन्द्र राणा, रोहतास सिंह, कुलदीप सिंह, प्रवीण पंवार, उमेश राणा, सोनू राठौर, प्रमेश्वर, लोकेश कुमार, अमरिश राणा, योगेंद्र, जोनी राणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# सरकारी डीजल के दुरूपयोग पर कार्रवाई की मांग

**सहारनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुर में सरकारी डीजल के कथित दुरुपयोग का मामला उजागर होने के बाद नवयुग नवसृष्टि ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजय वालिया ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करेगा। अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए संजय वालिया ने 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आयोजित कार्यक्रम में सुरक्षा के दृष्टिगत एंबुलेंस में तेल चोरी मामला हुआ है जो भ्रष्टाचार की चरम सीमा तक का मामला है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी पत्र में हॉस्पिटल अटेंडेंट आकिल अहमद पर सरकारी डीजल के दुरुपयोग और अनुशासनहीनता के आरोप लगाए गए हैं। पत्र के अनुसार 14 अप्रैल 2026 को आकिल अहमद को सरकारी एम्बुलेंस संख्या न्च् 32 ठळ 9776 से दून प्राइड स्कूल एवं दून कॉलेज से अस्पताल संबंधी सामान लाने के लिए भेजा गया था। इसके लिए 30 लीटर डीजल की पर्ची जारी की गई थी, जिसमें 15 लीटर एम्बुलेंस में तथा 15 लीटर अस्पताल के जनरेटर हेतु कैन में लाया जाना था। आरोप है कि कर्मचारी ने केवल 10 लीटर डीजल एम्बुलेंस में और 10 लीटर डीजल कैन में भरवाया, जबकि शेष डीजल अपनी निजी कार में डलवा लिया। मामले की जानकारी मिलने पर चिकित्सा अधीक्षक ने पेट्रोल पंप पहुंचकर जांच की। बताया गया कि पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज एवं कर्मचारियों के बयान में निजी वाहन में डीजल डलवाने की पुष्टि हुई है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अगले दिन जनरेटर में डीजल न डालकर डीजल कैन को निजी कार में ले जाकर उपयोग किया गया। अस्पताल प्रशासन ने करीब 20 लीटर डीजल के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए आकिल अहमद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

**खोया-पाया सूचना**

मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, प्रयागराज से संबंधित हाई स्कूल परीक्षा 2019-20 की अंकतालिका (मार्कशीट) जिसका अनुक्रमांक 0541179 है वास्तव में कही गुम हो गई है।

**मोहित पुत्र राकेश**

निवासी: गांव ताजपुर थाना नागल जिला सहारनपुर।

## संदिग्ध मौत

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम अलीपुर संभालकी में उस समय हड़कंप मच गया, जब 40 वर्षीय बिरमपाल पुत्र जयराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बिरमपाल बिहारीगढ़ में अपनी एक रिश्तेदारी में गए थे, जहाँ उनकी तबीयत बिगड़ने की सूचना पर उनका पुत्र अभिषेक उन्हें घर वापस लेकर आया।

हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें पहले निजी अस्पतालों में ले गए, जहाँ से उन्हें जवाब मिल गया। अंत में जब उन्हें सीएचसी फतेहपुर पहुँचाया गया, तो चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और मृतक की पत्नी ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले को संदिग्ध बताया है।

# दो पालियों में परीक्षा संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता लिखित परीक्षा में रविवार को जनपद में दो पालियों में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति देखने को मिली। इस दौरान कडी सुरक्षा व्यवस्था रही, अभियार्थियों की सघन तलाशी के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।

प्रथम पाली की परीक्षा में कुल 6,715 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से केवल 2,555 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 4,160 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में उपस्थिति प्रतिशत 38.05 प्रतिशत तथा अनुपस्थिति 61.95 प्रतिशत रही। वहीं द्वितीय पाली में कुल 3,948 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1,828 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,120 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में उपस्थिति प्रतिशत 46.30 प्रतिशत तथा अनुपस्थिति 53.70 प्रतिशत दर्ज की गई। सहारनपुर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराई गई। प्रमुख परीक्षा केन्द्रों में एस.डी. इण्टर कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज, गुरु नानक इण्टर कॉलेज, बी.डी. बाजोरिया इण्टर कॉलेज, एस.ए.एम. इण्टर कॉलेज एवं अन्य विद्यालय शामिल रहे। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 10,663 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4,383 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जबकि 6,280 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# 1857 की क्रांति में देवबंद का अहम रोलः मुशर्रफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक राव मुशर्रफ अली पुंडीर ने कहा कि 1857 की क्रांति में देवबंद का भी अहम योगदान रहा था। 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारतीय इतिहास में हिन्दू, मुसलमान व सिखो की साझा शहादत और अंग्रेजों के खिलाफ एकता का प्रतीक है। जो 10 मई दिन रविवार 1857 को मेरठ से शुरू होकर पूरे देश में फैल गया था, राव मुशर्रफ अली



राव मुशर्रफ अली पुंडीर ने कहा की देवबंद सरजमीं हिन्दुस्तान की प्रथम आजादी की लड़ाई का वह गवाह है, जिसने अपने सीने पर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठे नारे और तलवारों की खनक को महसूस किया,यह वही जमीन है, जहां से 1857 की गदर में देवबंद से उस वक्त एक बुलंद आवाज उठी थी,राव मुशर्रफ ने कहा कि उन वीर शहीदों की शहादत हमें यह सिखाती है कि मुल्क के लिए जिन्दगियां न्यौछावर करना सबसे बड़ा ईमान है, इतिहास हमें बताता है कि आजादी अचानक नहीं मिली, बल्कि इसके लिए लाखों लोगों ने खुन बहाया है। राव मुशर्रफ ने इतिहास पर रोशनी डालते हुए कहा कि दारुल उलूम के पहले छात्र रहे मौलाना महमूदउल हसन ने अंग्रेजी शासकों को हराने के लिए रेशमी रुमाल की तहरीक आरंभ की थी। देश और दुनियां भले ही दारुल उलूम को इल्म-ओ-अदब का गहवारा समझता हो, लेकिन दारुल उलूम के उलेमा ने मुल्क की आजादी की जंग में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। इस्लामिक शिक्षा के लिए प्रसिद्ध दारुल उलूम की स्थापना मुल्क की आजादी के ऐसे वीरों को तैयार करने को हुई जो अंग्रेजो के नाक चने चबवा सके।

1857 की क्रांति के विफल होने के बाद जब अंग्रेजो ने मदरसों को निशाना बनाया। उन पर अत्याचारों की इंतेहा कर दी। इसके चलते अंग्रेजो की नजर से बचते हुए 1866 में दिल्ली से दूर देवबंद में अंग्रेजो के खिलाफ मौलाना कासिम नानौतवी, हाजी आबिद हुसैन देवबंदी और मौलाना रशीद अहमद गंगोही के नेतृत्व में दारुल उलूम की स्थापना कर नया आंदोलन छेड़ा।

दारुल उलूम के पहले छात्र मौलाना महमूदउल हसन ने ब्रिटिश शासकों के खिलाफ 'रेशमी रुमाल की तहरीक आरंभ आरंभ की। जिसमे उनके सहयोगी मौलाना अब्दुल्ला सिंधी रहे। इस दौरान अंग्रेजो ने सैकड़ों उलेमा को फांसी की सजा दी। लेकिन तब तक शेखुल हिंद के नाम से प्रसिद्ध हो चुके मौलाना महमूद उल हसन का आंदोलन परवान चढ़ चुका था। अंग्रेजो के खिलाफ कौम को तैयार किया गया था।

# ट्रैक्टर ट्राली से युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** मोहल्ला कुरेशियान चौंक पर ओवरलोड भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक ट्रैक्टर छोड़ से मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। मोहल्ले वासियों ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की।

ओवरलोड भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक फरदीन घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भूसे से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली कुरैशियान चौक से बाईपास रोड की ओर जा रही थी। उस समय फरदीन अपनी बाइक से घर लौटते समय उसकी चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि फरदीन के मुंह से खून निकलने लगा, जिससे उसकी गंभीर घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर घायल फरदीन को सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद मोहल्ले वासियों ने ओवरलोड बंद करो के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज आजाद सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराया। पुलिस ने भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हाउस अरेस्ट किए सांसद चंद्रशेखर, फोर्स तैनात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** देवबंद के ग्राम लालवाला में दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के बाद आज जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को उनके छुटमलपुर स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया है। दरअसल, शनिवार को गांव में 2 बीघा विवादित जमीन को लेकर अनुसूचित जाति और ठाकुर पक्ष के बीच भारी पथराव और मारपीट हुई थी, जिसमें 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस को लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ना पड़ा।

आज जब सांसद चंद्रशेखर आजाद ने पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए लालवाला गांव जाने का ऐलान किया, तो पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देते हुए उनके घर के बाहर 100 से अधिक जवान तैनात कर दिए और उन्हें बाहर निकलने से रोक दिया। उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न आजाद और कमल वालिया को भी नजरबंद किया गया है।

नजरबंदी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सांसद चंद्रशेखर ने प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई और सत्ता के दबाव में काम करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने साफ कहा कि वह पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पीछे नहीं हटेंगे।

बता दें कि जिस 2 बीघा जमीन को लेकर यह बवाल हुआ है, उसका विवाद 25 साल पुराना है और साल 2014 में इसी जमीन के कारण हुई हिंसा में 9 लोगों की जान जा चुकी है। फिलहाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात है और अधिकारी पल-पल की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# पाईन हिल्स एकेडमी में उत्साह से मनाया गया मदर्स डे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पाईन हिल्स एकेडमी में मदर्स डे का पर्व बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

मंडी समिति रोड स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. खालिद एडवोकेट ने माँ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माँ केवल जन्म देने वाली ही नहीं, बल्कि हमारी पहली गुरु और आदर्श भी होती है। एक बच्चा अपने जीवन में जो भी सीखता है, उसकी नींव माँ ही रखती है। उनके बलिदानों का ऋण हम पूरी उम्र सेवा करके भी नहीं उतार सकते। विद्यालय के प्रिंसिपल सैयद मोहम्मद समीर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर माँ का सपना होता है कि उसकी संतान जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करे। प्रेसिडेंट सऊद खान ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया में माँ से बड़ा कोई शुभचिंतक नहीं है, इसलिए हमें सदैव उनका सम्मान करना चाहिए और उनकी बातों का अनुसरण करना चाहिए।

इस मौके पर बच्चों के बीच ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता से बेहद सुंदर और आकर्षक कार्ड्स बनाकर सबका दिल जीत लिया।

# महामुनिराज भारत भूषण का रामपुर मनिहारान में प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** परम पूज्य आचार्य भारत भूषण महामुनिराज का भव्य मंगल विहार बड़गाँव के आदर्श इंटर कॉलेज से सुबह प्रारंभ होकर रामपुर मनिहारन पहुँचा।

श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु श्री सरनीमिल मंदिर जी से विशेष साधनों की व्यवस्था की गई थी, जिससे भारी संख्या में भक्तगण इस पुण्य कार्य में सम्मिलित होने पहुँच सके। रामपुर मनिहारन की सीमा में प्रवेश करते ही गुरुदेव की मंगल आगवानी देवबंद रोड स्थित शाकुंभरी बैंकेट हॉल में उत्साह और भक्ति के साथ की गई।इस पावन विहार के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के साथ कदम से कदम मिलाकर पुण्य लाभ कमाया और पूरे मार्ग में जयकारों



इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

# रालोद में महिलाओं का सम्मानः चौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि महिलाओं को सम्मान केवल रालोद में ही सर्वोपरि है।

चौ.नीरपाल सिंह एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है,आज सम्मलेन में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी से सुनिश्चित हो गया कि महिला किसी से कम नहीं है। चौधरी नीरपाल ने कहा कि में प्रदेश सचिव ज्योति शर्मा को व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रंजीता वर्मा को को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई देता हूं। प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर ने कहा कि खेल प्रकोष्ठ द्वारा पूरे प्रदेश में सम्मेलन कराए जाएंगे। मेरठ के बाद मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बड़ौत, गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर सहित सभी जिलों में कार्यक्रम होंगे।सम्मेलन को राष्ट्रीय लोकदल मेरठ के जिलाध्यक्ष अनिकेत भारद्वाज, राष्ट्रीय सचिव डॉ विजयवीर सिंह, सामाजिक न्याय मंच की प्रदेश अध्यक्ष संगीता दोहरे, क्षेत्रीय अध्यक्ष शारिक चौधरी, प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता मुकेश चौधरी,युवा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु, राजदीप ढाका, आदिल रिजवी ने संबोधित किया। संचालन जयराज सिंह व अध्यक्षता महिला अध्यक्ष वीना सिंह ने की।

# सपा को नसीहत देने से बचें इमरानः हाजी फजलुर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** पूर्व सांसद व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी फजलुर्रहमान ने काँग्रेस सांसद इकराम मसूद के अखिलेश यादव पर तंज किये जाने पर बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता को समा. जवादी पार्टी को नसीहत देने से बचना चाहिए, क्यूँकि उनके ऐसा करने से इसका सीधा लाभ भाजपा को ही पहुँचेगा।

पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि जहाँ तक उत्तर प्रदेश की बात है, वर्ष 1985-1989 तक उत्तर प्रदेश की काँग्रेस की अंतिम सरकार के बाद से आज लगभग 37 वर्षों तक उत्तर प्रदेश में समाजवादियों ने ही भाजपा से और सांप्रदायिक शक्तियों से लड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भी उत्तर प्रदेश में पीडीए के नायक व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही भाजपा के चुनावी रथ को समाजवादी पार्टी ने ही रोका है। जब लोकसभा में इंडिया गठबंधन के 43 सांसद 37 समा. जवादी पार्टी से और 6 काँग्रेस से निर्वाचित हुए। इसी तरह आगे भी भविष्य में समाजवादी पार्टी सेक्युलर ताकतों के साथ मिलकर भाजपा को उत्तर प्रदेश से भगाने का काम करेगी।

# दबाई जा रही पीड़ितों की आवाजः मेहरबान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** सांसद चंद्रशेखर को हाउस अरेस्ट किये जाने पर समर्थकों द्वारा तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई।

वार्ड नंबर 4 से जिला पंचायत प्रत्याशी राव मेहरबान ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देशभर में जब भी किसी वर्ग, जाति या धर्म के व्यक्ति पर अत्याचार होता है, तो चंद्रशेखर आजाद सबसे पहले वहां पहुँचते हैं। आज भी उन्हें देवबंद जाने से रोका गया, जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। वहीं, भीम आर्मी एकता मिशन के संस्थापक सदस्य सतीश रावत ने प्रशासन के इस रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा ष्माहौल खराब होने का बहाना बनाकर जिस तरह विपक्षियों और पीड़ितों को मिलने से रोका जा रहा है, वह लोकतंत्र के लिए घातक है। शासन-प्रशासन को चाहिए कि वे सांसद को देवबंद जाने की अनुमति दें।



पूर्व की घटनाओं को देखते हुए यह साफ है कि चन्द्रशेखर आजाद पीड़ितों से मिलने की अपनी जिद पर अड़े रहते हैं।

ऐसे में अब यहां देखना यह होगा कि प्रशासन की इस पाबंदी के बीच वह पीड़ितों तक पहुँचने में सफल होते हैं या प्रशासन अपनी जोर- आजमाइश जारी रखता है।

## मंदिर में शिवलिंग प्रतिष्ठापित

**गंगोह।** नानौता रोड स्थित एक कॉलोनी में निर्माणाधीन श्री शिव मंदिर में रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव के शिवलिंग प्रतिष्ठापित किया गया।

यज्ञ की पूर्णाहुति उपरान्त आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड सहित विभिन्न स्थानों से पहुंचे साधु-संतों ने सहभागिता कर धार्मिक माहौल को भक्तिमय बना दिया। सुशील कुमार, मेहर सिंह, प्रमोद प्रजापति, संजय चौधरी, सेवकराम, आयुषी, पायल, खुशी, आरजू सहित समिति सदस्यों का सहयोग रहा।

# अब्दुल रहमान मिस्टर व निकिता मिस फेयरवेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी के पैरामेडिकल कॉलेज में "बोन व्योजी 2026" फेयरवेल समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। छात्राओं माहम एवं आयत ने मंच संचालन किया। बीएससी आरआईटी की छात्रा सलोनी धीमान ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक माहौल प्रदान किया। ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति प्रो. डॉ. ओम कुमार हर्ष, प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ. जॉन फिनबे, रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. शिवानी तिवारी, प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय कुमार एवं डीएसडब्ल्यू प्रो. डॉ. शोभा त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।विभिन्न प्रतियोगिताओं में बीएससी आरआईटी के अब्दुल रहमान को मिस्टर फेयरवेल तथा बीएससी एमएलटी की निकिता को मिस फेयरवेल चुना गया। वहीं निशु राठौर को मिस्टर परफोर्मेंस, अराना वर्मा को मिस परफोर्मेंस, साहिल मलिक को मिस्टर पर्सनालिटी एवं सानिया को मिस पर्सनालिटी के खिताब से नवाजा गया। मीडिया व फोटोग्राफी समन्वय की जिम्मेदारी मुकेश बिस्वास, काशिफ व सैफ मलिक ने निभाई। आश्रिता दुबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान दिलशाद अहमद, गुरदीप पंवार, डॉ. अर्चना, हिमांशु, शशांक पाल, अर्जुन पंवार, शबनम एवं मुस्कान सहित संकाय सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

## लाखों की चोरी

**गंगोह।** एक व्यक्ति ने घर में काम करने वाले एक राजमिस्त्री और एक मजदूर पर लाखों रुपये की नकदी और गहने चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर करवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सराय निवासी सुल्तान निन्नेशा के बेटे ने कोतवाली में तहरीर देकर को बताया कि अनारकली निवासी राजमिस्त्री इरफान और मजदूर अनीस उनके घर में फर्श बिछाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान 2 मई को मकान मालिक सुल्तान की तबीयत खराब हो गई, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पीड़ित का आरोप है कि अस्पताल से लौटने पर घर का सामान बिखरा हुआ था।

# नगीना सांसद ने जाना घायलों का हाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शनिवार को कस्बा देवबंद के गांव लालवाला में जमीनी विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में घायलों को देखने के लिए आज सांसद चंद्रशेखर जिला चिकित्सालय पहुंचे।

आज घायलों का हाल जानने के लिए सांसद चंद्रशेखर जिला चिकित्सालय पहुंचे। जैसे ही प्रशासनिक अधिकारियों को सांसद चंद्रशेखर के आने की सूचना मिली तो पूरा जिला चिकित्सालय परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था और नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह व पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल तथा कई पुलिस क्षेत्राधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रहे थे। सांसद चंद्रशेखर आज जिला चिकित्सालय में घायलों से मिले और उनका हाल पूछा। इस दौरान सांसद चंद्रशेखर ने पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता करते हुए कहा कि जमीन किसकी है। यह तो जांच का विषय है और इसकी जांच कराई जाए जानी चाहिए, लेकिन हमारी मांग है कि घटना में किसी भी निर्दोष व्यक्ति को प्रताड़ित न किया जाए और जिन घायलों को चोट लगी है। उनकी ओर से दोषी पुलिस कर्मियों व अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हादसे में कोई भी घायल हुआ है। उसकी ओर से 200 के लाभ मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए अन्यथा आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी अपने तरह से स्टैंड लेने को मजबूर होगी। जिला चिकित्सालय पहुंचने से पहले ही भारी संख्या में पुलिस बल को पूरे चिकित्सालय परिसर में तैनात कर दिया गया था और जब तक चंद्रशेखर वापस नहीं लौटे तब तक पुलिस बल वहीं पर तैनात रहा।



# निष्कर्ष तक नहीं पहुंचती भ्रष्टाचार की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना में जिले भर से लगातार गड़बड़ियों के मामले सामने आने के बाद अब विभाग ने खुद को ही बदलने का निर्णय ले लिया है। क्योंकि कहीं अपात्र लोगों को लाभार्थी सूची में शामिल किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं,तो कहीं लाभार्थियों के बैंक खाते जिले से बाहर के पाए जाने की चर्चाएं जोरों पर हैं। फिलहाल ऐसे सभी मामलों को लेकर विभागीय स्तर पर जांच जारी होने की बात भी कही जा रही है,लेकिन अब तक कोई भी जांच अपने अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचती दिखाई नहीं दी है।

सूत्रों की मानें तो कई मामलों में शिकायतों के बावजूद अभी तक किसी बड़े स्तर की कार्रवाई की खबरें सामने नहीं आई है। विभाग लगातार जांच का हवाला दे रहा है,लेकिन अब वहीं विभाग ने अपनी व्यवस्थाओं और प्रक्रिया में बदलाव करना शुरू कर दिया है। इससे लोगों के बीच यह चर्चा भी तेज हो गई है कि आखिर जांच का परिणाम कब सामने आएगा और दोषियों पर क्या कार्रवाई होगी। जनता के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि योजना में अनियमितताएं हुई हैं तो अब तक कितने जिम्मेदार अधिकारियों,कर्मचारियों अथवा बिचौलियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए और कितनों को कानून के दायरे में लाया गया।

फिलहाल ऐसी कोई बड़ी कार्रवाई सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई है,जिससे लाभार्थियों में असंतोष बढ़ता दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि विभाग ने अपने सिस्टम में कुछ बदलाव अवश्य किए हैं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की शिकायतों को रोका जा सके। हालांकि कुछ लोंगो के द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि केवल व्यवस्था बदल देने से गड़बड़ी धारी व्यक्तियों का समस्या का समाधान संभव नहीं होगा,जब तक कि जांच को निष्पक्ष रूप से पूरा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जाती।

# रजत की ऑल इंडिया 49 वीं रैंक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** युवक ने संघ लोक सेवा आयोग की भारतीय वन सेवा परीक्षा-2025 में ऑल इंडिया 49वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

गांव रादौर निवासी रजत कुमार वर्तमान में हल्द्वानी स्थित ईपीएफओ कार्यालय में लेखा एवं प्रवर्तन अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता अशोक कुमार शिक्षा विभाग में शिक्षक हैं और माता संतोष देवी गृहिणी हैं। उनके बड़े भाई राहुल कुमार केंद्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ में वित्त एवं लेखाधिकारी के पद पर तैनात हैं। इसके बाद उन्होंने आईआईटी दिल्ली से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री प्राप्त की। गांव के ईश्वरपाल, नीटू प्रजापति, कुलदीप प्रजापति, गुरदयाल और ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शहीद स्मारक पर स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को भावांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोहा बाजार स्थित शहीद स्मारक पर 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की 169 वीं वर्षगांठ पर आज शहर के गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर तथा पुलिस गारद ने सशस्त्र सलामी देकर देश के अमर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को अपनी भावांजलि दी।

नगर निगम के सहयोग से श्री ललिता पन्ना स्वतंत्रता सेनानी स्मारक समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत संधू ने कहा कि वह कौमें जिंदा नहीं रहती जो अपने बुजुर्गों का बलिदान भूल जाती हैं, उनकी कुर्बानियां भूल जाती है। उन्होंने कहा कि आजादी के दीवानों को पता था कि वे आजादी देखने के लिए जिंदा नहीं रहेंगे लेकिन उन्होंने अपनी भावी पीढ़ियों के लिए फांसी पर लटकाना मंजूर किया और अपना जीवन बलिदान कर दिया। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 10 मई को शहीदों को नमन करने के अलावा क्रांति दिवस इसलिए भी मनाया जाता है कि हमारी युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों की स्मृति को याद रखें।



समिति के अध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक जयनाथ शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन और शहीदों की कुर्बानियां शिक्षा का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा की आजादी हमारे बुजुर्गों की धरोहर है और हमें इसे संभाल कर रखना होगा।

साहित्यकार डॉ वीरेंद्र आजम ने लोहा बाजार और चौकी सराय पर पीपल के पेड़ पर 1857 के क्रांतिकारियों को फांसी पर लटकाए जाने की घटनाओं के साथ ही सहारनपुर में क्रांतिकारियों की बम फैक्ट्री पकड़े जाने आदि स्वतंत्रता आन्दोलन इतिहास की अनेक घटनाओं का उल्लेख करते हुए शहीदों को नमन किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र शर्मा, महेंद्र सचदेवा, पूर्व पार्षद आशुतोष सहगल, नरेंद्र बंसल, संदीप सैनी, विक्रम सिंह सढ़ौली, विनय जिंदल तथा थाना मंडी प्रभारी सतपाल भाटी ने भी 1857 के शहीदों को अपनी भावांजलि दी। इस्लामिया इंडस्ट्रियल मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा कुमारी कशिश अफजाल ने संस्कृत में राष्ट्रभक्ति का गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जेबीएस हिंदू कन्या इंटर कॉलेज की खुशबू श्रीवास्तव, श्री दिगंबर जैन कन्या इंटर कॉलेज की दीपमाला और मोनिका सहित उक्त विद्यालयों की बालिकाएं बड़ी संख्या में शामिल रही।

